आकाशवाणीः देहरादून
शुक्रवार– 06.10.2023
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- गृहमंत्री अमित शाह अपने एक दिवसीय दौरे पर कल उत्तराखण्ड पहुंचेंगे। वे टिहरी के नरेन्द्रनगर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिस्सा लेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए उद्योगों की स्थापना की जाएगी।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कोई बदलाव न करते हुए रेपो दर छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा।
- **और...** प्रदेश के गांवो और शहरी वार्डों को आयुष्मान ग्राम और आयुष्मान शहरी वार्ड घोषित करने के लिए मानकों को पूरा करना होगा।

............

**गृहमंत्री उत्तराखण्ड दौरा**

गृहमंत्री अमित शाह अपने एक दिवसीय दौरे पर कल उत्तराखण्ड पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे टिहरी के नरेन्द्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद शाम को वे देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान (एफ.आर.आई) में आयोजित 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस में भी शामिल होंगे। गृह मंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस ने

राजधानी देहरादून में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के लिए पांच थीम बनाई गई हैं। इस दौरान कुल नौ सत्र आयोजित किए जाएंगे।

**पत्रकार वार्ता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड में उद्योगों की स्थापना की जाएगी। हरिद्वार में पत्रकारों से बातचीत में श्री धामी ने कहा कि उनकी निवेशकों के साथ बैठक के काफी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और अब तक चालीस हजार करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव उत्तराखंड को मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि निवेशकों के सम्मेलन से पहले ही प्रदेश को एक बड़ी धनराशि निवेश के रूप में उपलब्ध हो जाए।

**बैरांगना मत्स्य प्रजनन केंद्र**

चमोली जिले के बैरांगना मत्स्य प्रजनन केंद्र को मॉडल टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए आकर्षक रेनबो ट्राउट फिश कैफे तैयार किया है। कैफे के पास बैरांगना नदी किनारे फिश एग्लिंग प्लेटफार्म भी बनाए गए है। बैरांगना फिश कैफे में पर्यटक फिश एग्लिंग का लुफ्त उठाने के साथ ही रेनबो

ट्राउट फिश से बने व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों मछली की ब्रीडिंग और हैचरी के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। फिश कैफे को चोपता और आसपास आने वाले पर्यटकों से जोड़कर प्रशासन यहां पर्यटक गतिविधियां बढाने पर जोर दे रही है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और स्थानीय मत्स्य पालकों को भी कैफे से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटकों को स्थानीय उत्पाद और व्यंजन उपलब्ध होंगे और क्षेत्रीय लोगों की आजीविका बढेगी।

## <u>नियुक्ति पत्र</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज परिवहन विभाग के अन्तर्गत कनिष्ठ सहायक के पद पर चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर परिवहन सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी ने कहा कि परिवहन विभाग के तहत पिछले दो वर्षों में राज्य में 59 परिवहन आरक्षियों की सीधी भर्ती की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग में कनिष्ठ सहायक के 39 और सहायक लेखाकार के 17 पदों पर चयन प्रक्रिया चल रही है। श्री ह्यांकी ने बताया कि परिवहन विभाग के तहत सीधी भर्ती के विभिन्न पदो ंके लिए 147 पदों का अधियाचन आयोग को भेजा गया है।

## गढ़ भोज दिवस

प्रदेश में कल दूसरा गढ़भोज दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर स्कूलों और सरकारी विभागों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गढ़ भोज की शुरूआत वर्ष 2 हजार में द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने की थी। श्री सेमवाल ने बताया कि इसका उद्देश्य पहाड़ी भोजन को पहचान दिलाने के साथ उसकी पौष्टिकता के बारे में आम लोगों को जानकारी देना है।

## भारतीय रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। आज मौद्रिक समिति की बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए इसे छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक से जारी बयान के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय घटनाक्रमों के विस्तृत मूल्यांकन के बाद समिति ने लगातार चौथी बार ब्याज दरें अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है। परिणामस्वरूप स्थायी जमा सुविधा दर– एसडीएफ छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर–एमएसएफ तथा बैंक दर छह दशमलव सात– पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी।

## आयुष्मान ग्राम

प्रदेश के गांवो और शहरी वार्डों को आयुष्मान ग्राम या आयुष्मान शहरी वार्ड घोषित करने के लिये सभी मानकों को पूरा करना होगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि जो ग्राम पंचायत औरन शहरी वार्ड स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से निर्धारित मानकों को शत प्रतिशत पूरा करेंगे केवल उन्हें केंद्र सरकार आयुष्मान ग्राम पंचायत और आयुष्मान शहरी वार्ड का दर्जा देगी। उन्होंने कहा कि इसके लिये समय–समय पर स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, ग्राम्य और शहरी विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा मानकों का मूल्यांकन किया जायेगा।

## धनराशि जारी

जोशीमठ आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई धनराशि के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि इस धनराशि के मिलने से अब जोशीमठ में पुनर्वास और पुनर्विकास का काम तेजी के साथ किया जा सकेगा।

## ओम पर्वत यात्रा

आदि कैलाश ओम पर्वत यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हो गया है। हल्द्वानी के काठगोदाम स्थित पर्यटक आवास गृह से पहले दिन रवाना हुए दल में 30 श्रद्धालु शामिल है। इनमें 13 महिलाएं और 17

पुरूष शामिल हैं। ये श्रद्धालु गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल ओर तमिलनाडु के रहने वाले हैं।

**सड़क दुर्घटना**

चमोली जिले के बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिरही के पास एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। चमोली की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि मृतकों में दो पुलिस के कांस्टेबल हैं जो पुलिस लाइन में तैनात थे, जबकि एक स्थानीय युवक था।

**चारधाम यात्रा**

मानसून समाप्त होने के साथ ही चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। इन दिनों चारों धामों में दर्शन के लिए तीर्थयात्री बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड पहुंच रहे हैं। 22 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा में अब तक 46 लाख 50 हजार से अधिक तीर्थयात्री चारों धाम की यात्रा कर चुके हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि देश–दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

नैनीताल जिले के रघुनंदन सिंह टोलिया प्रशासनिक अकादमी ने पौड़ी में आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अधिकारियों को आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन के नए आयाम, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न की पृष्ठभूमि, रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

## प्रधानमंत्री का दौरा

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित पिथौरागढ़ दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही पूरा प्रदेश उत्साहित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और पार्टी स्तर पर भी कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री मोदी पिथौरागढ़ के वल्दिया स्टेडियम में 12 अक्टूबर को विशाल जनसभा को सम्बोधित भी करेंगे। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखण्ड  के सम्भावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर कुमाऊ कमिश्नर दीपक रावत ने आज चम्पावत जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम हेलीपैड, छमनिया और अद्वेत मायावती आश्रम लोहाघाट का निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त में समाचार–

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे पर आज देहरादून पहुंच गए हैं। वे आज राजधानी में रात्रि विश्राम करेंगे। कल वे टिहरी के नरेंद्रनगर में हो रही मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे और उसके बाद वे केदारनाथ धाम जाएंगे। पौड़ी जिले के लैंसडौन छावनी परिषद ने नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूली छात्रों की नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान गांधी चौक में स्कूली छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को स्वच्छता से संबंधित जानकारियां दीं।

...........